बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)



प्रेषक,

सी0 के0 अनिल,
अपर मिशन निदेशक,

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव,
कृषि विभाग/ सामान्य प्रशासन विभाग/
मानव संसाधन विकास विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग/
समाज कल्याण विभाग/
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग/गृह विभाग,
बिहार पटना

सभी जिला पदाधिकारी,

पटना, दिनांक- 18 नवम्बर, 2010

विषय- **Guard File से सभी परिपत्र, संकल्प, आवंटन, आदेश को Bihar online.com पर Upload करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मुख्य सचिव, बिहार द्वारा शासी परिषद की गत बैठकों में यह निदेश दिया गया है कि पारदर्शी प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि विभागीय सभी परिपत्र राज्य सरकार के Official website पर Searchable Menu के साथ उपलब्ध हो। उक्त से कार्यालय प्रधान को विषयवार परिपत्र खोजने में सुविधा होगी साथ ही जन साधारण को भी सरकारी परिपत्रों एवं संकल्पों के आधार पर लोक सेवकों को उनके कार्यों में सचेष्ट रहने हेतु प्रेरित कर सकेंगे।

2. उपर्युक्त के आलोक में विभागीय प्रधान सचिव से यह अनुरोध है कि विभाग के नोडल पदाधिकारी को यह दायित्व दिया जाय कि विभाग के अधिनियम, नियम, नियमावली, संकल्प, परिपत्र, आवंटनादेश को संबंधित प्रशाखाओं से मंगाकर Executive Assistant से Scan करा कर Bihar online.com website पर आई.टी. मैनेजर के सहयोग से उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

3. जिलाधिकारी भी जिलों में उपलब्ध Guard Files को प्रधान सहायकों से Sort out करा कर आई.टी मैनेजर एवं Executive Assistant के सहयोग